FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट दिनांक 05-07-2021 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में साइबर सेल टीम द्वारा साइबर फ्राड का शिकार हुए पुनीत कुमार के वापस कराए 32,600 रूपये। पुलिस को दिया धन्यवाद।

शिकायतकर्ता पुनीत कुमार पुत्र श्री प्रमोद कुमार निवासी कस्बा सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के खाते से साइबर ठगों द्वारा यूपीआई के माध्यम से ₹50600 की धनराशि निकाल ली गई थी जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के कार्यालय स्थित साइबर सेल टीम को दी गयी। साइबर सेल टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नोडल अधिकारी को पत्र प्रेषित कर अन्य कार्यवाही की गयी जिसके फलस्वरूप साइबर सेल के अथक प्रयासों द्वारा पीड़ित के 32,600 रूपये वापस करा दिए गए हैं। शिकायतकर्ता पुनीत द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रूपये वापस कराने पर धन्यवाद प्रकट किया गया है। कृपया अपना ओटीपी किसी अन्य के साथ शेयर ना करे, साथ ही अन्जान लिंक पर क्लिक ना करे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्टाग्राम आदि) का सम्भल कर उपयोग करें।

सोशल मीडिया सेल,जनपद फिरोजाबाद।